हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 अगस्त, 2025

12 सांसद की घोषणा, राजकीय महाविद्यालय...



11 नशे के खिलाफ सड़कों पर उतरे के लोग, निकाली रैली



**खबर संक्षेप**

### हरियाणा रोडवेज वर्कर्स की कई मुद्दों पर बैठक

**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने की। चाहर ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज मांग दिवस के लिए मीटिंग की गई, जिसमें आठवें वेतन आयोग का गठन, समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली, रेगुलराइजेशन ओर खाली पदों पर भर्ती कर और निजीकरण पर रोक लगाई जाए। चाहर ने बताया कि हरियाणा सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत में विभाग के कर्मचारियों की बनाई गई तबादला नीति खामियों पर यूनियन लिखित आपत्ति जताते हुए तबादला नीति रद्द करने की मांग कर चुकी हैं।

### बेटियां आदिशक्ति का स्वरूपः प्रो. गणेशी लाल

**सिरसा।** ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने डिंग मंडी स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों को कहा कि कण कण में मां भगवती का वास है, इसलिए इन्हें बेटियां समझने की भूल न करें बल्कि यह आदिशक्ति का रूप है। प्रो. गणेशी लाल हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भोजन वितरण कार्यक्रम में पहुंचे। सिंगला परिवार की तीनों पीढ़ियों प्रो. गणेशी लाल, पुत्र मनीष सिंगला व पौत्र लक्ष्य सिंगला का स्कूल प्रशासन ने भव्य स्वागत किया। प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि जहां बेटियों का सम्मान होता है वहां भगवान वास करते हैं। पूर्व राज्यपाल ने आह्वान किया कि मां के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए भोजन का पहला निवाला मां को खिलाए।

### निःशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन आज

**सिरसा।** शहर के गुरुद्वारा गुरुनानक नगर में 30 अगस्त को निःशुल्क नेत्र जांच व मुफ्त चश्मा वितरण का कैंप लगाया जाएगा। कैंप संबंधी जानकारी देते हुए रोहताश जांगड़ा ने बताया कि यह कैंप जिला नागरिक अस्पताल के सहयोग से लगाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा नेत्र जांच के बाद यदि किसी मरीज में मोतियाबिंद की शिकायत पाई जाती है तो आपरेशन सरकारी अस्पताल में निःशुल्क किए जाएंगे।

### टोहाना में मारपीट के दो आरोपी काबू

**टोहाना।** गांव समैन में करीबन दस दिन पहले सांझा दीवार को लेकर हुए विवाद में सदर पुलिस ने जांच को आगे बढ़ते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांव समैन के रहने वाले आरोपी संदीप और विनोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव के रहने वाले असलम के घर में घुसकर हमला किया था। हमले में असलम और उनकी भाभी मुकेश रानी घायल हो गए थे।

## सीएम कार्यालय की ओर से आयुक्त एवं सचिव ने समीक्षा की

# सीएम ने शिकायत समाधान में फतेहाबाद को सराहा

आयुक्त एवं सचिव ने कहा कि शिकायतों पर दर्ज किए गए क्लियर रिमार्क्स से प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला प्रशासन, फतेहाबाद की कार्यप्रणाली की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के एक्शन टेकन रिपोर्ट को पोर्टल पर दर्ज करने के दौरान क्लियर रिमार्क्स देने की प्रक्रिया की प्रशंसा की है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से आयुक्त एवं सचिव, अभिलेखागार विभाग शेखर विद्यार्थी ने शुक्रवार को समाधान शिविर एवं जनसंवाद पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने पाया कि जिला फतेहाबाद में अधिकारियों द्वारा न केवल शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है, बल्कि प्रत्येक शिकायत पर स्पष्ट और विस्तृत टिप्पणियां भी अंकित की जा रही हैं, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है। आयुक्त एवं सचिव ने कहा कि शिकायतों पर दर्ज किए गए क्लियर रिमार्क्स से प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत होता है। उन्होंने फतेहाबाद प्रशासन की इस पहल को अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय बताया। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमत्री नायब सिंह सैनी ने इसके लिए फतेहाबाद जिला प्रशासन की प्रशंसा की है।

इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनसंवाद पोर्टल एवं समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

### मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे शिकायतों की निगरानी

वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद उपायुक्त मनदीप कौर ने अधिकारियों से कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से दर्ज शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला स्तर तक मामलों की समीक्षा की जा रही है, ऐसे में समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल में आने वाली समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें।

### बैठक में एसडीएम के अलावा कई अफसर रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, सुरेश कुमार, डीएमसी संजय बिश्नोई, जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, कार्यकारी अभियंता संजीव सहारन, एनके भोला, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, डीएचओ डॉ. श्रवण कुमार, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद टूली, प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र ज्यानी, नप ईओ राजेंद्र सोनी, एसडीओ सतपाल रोहज, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### शिकायतों का तत्परता से हो समाधानः एडीसी

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविरों में आई जनसमस्याओं की समीक्षा की और अधिकारियों को तत्परता के साथ समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार का महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जोकि आमजन की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम बना है। इसलिए अधिकारियों की प्राथमिकता नागरिक की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की हो। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आई जनसमस्याओं को लंबित न होने दें, बल्कि उसका त्वरित समाधान करने का प्रयास करें। इसके अलावा शिकायतकर्ता की शिकायत का स्थाई हल निकाला जाए।

# द आर्यन स्कूल में पिकल बॉल गेम का हुआ शुभारंभ

- बच्चों में इस गेम को लेकर बड़ी उत्सुकता दिखाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अनिल गोयल। फोटो : हरिभूमि

द आर्यन स्कूल में शुक्रवार को हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध मेजर ध्यान चंद की जयंती पर पिकल गेम प्रतियोग्रिता का आयोजन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर अनिल गोयल ने स्कूल प्रांगण में पिकल गेम के उद्घाटन किया। स्कूल प्रिंसीपल श्वेता माहेश्वरी ने उनका स्वागत किया। अनिल गोयल ने कहा कि पिकल गेम यूएसए की गेम है। यह बड़ी दिलचस्प गेम है और देश के कई बड़े महानगरों में इसको लेकर बड़ा क्रेज है। द आर्यन स्कूल इसी भावना से इस गेम को सिरसा में लेकर आया है, ताकि इस गेम को बढ़ावा मिले। बच्चों में इस गेम को लेकर बड़ी उत्सुकता है। हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध मेजर

### मेजर ध्यानचंद को किया याद

उन्होंने कहा कि यह खेल यूएसए का प्रमुख खेल है। उन्होंने सूरत व बैंगलोर के भ्रमण के दौरान पाया कि इस गेम को लेकर वहां के लोगों में बेहद रूचि थी। उन्होंने इस बात को भली भांति परखा और इस गेम को सिरसा में लाने की ठान ली। आज इस गेम का स्कूल में विधिवत उद्घाटन कर दिया गया है। उन्होंने बच्चों से अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार से हम आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मना रहे हैं, ठीक उसी प्रकार आप भी अपने जीवन में कोई ऐसा काम करें, जिससे आने वाले समय में इन महानुभावों की तरह आपके नाम से भी दिवस मनाया जाए। इस मौके पर स्पोट्र्स एकेडमी ऑफ इंडिया के हैड अनिल चौधरी ने बताया कि स्कूल द्वारा एक एप्प बनाया जाएगा, उस एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन करवाकर इस गेम का लुत्फ उठा सकते हैं।

## एक सितंबर तक बारिश का येलो अलर्ट दिन व रात का तापमान सामान्य से नीचे

**शुक्रवार को भी फतेहाबाद में छाए रहे दिनभर बादल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में दो दिन भारी उमस व धूप के बाद शुक्रवार दोपहर बादल छा गए और कहीं कहीं बारिश हुई। जिलाभर में दोपहर बाद मौसम परिवर्तनशील रहा। दिन व रात के तापमान सामान्य से कम हैं। शहर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

### संभावना जताई

भारतीय मौसम विभाग ने हरियाणा में 1 सितंबर तक तेज बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। हालांकि हिसार जिले में पहले ही सीजन में सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है। केवल अगस्त माह में भी सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि शुक्रवार से मानसून टर्फ पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पंजाब पर बने चक्रवातीय सर्कुलेशन से हरियाणा पर पहुंचने से आने वाले चार पांच दिनों तक बारिश के आसार हैं। 31 अगस्त और 1-5 सितंबर के दौरान मानसून में सक्रियता देखने को मिलेगी। वर्तमान समय में बंगाल की खाड़ी पर बना निम्न दाब क्षेत्र, छत्तीसगढ़ के मध्य भागों और निकटवर्ती क्षेत्रों पर अवस्थित है।

## विधायक केहरवाला ने की उपमंडल भवन निर्माण की मांग

**सिरसा।** हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन कालांवाली के कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने कालांवाली में उपमंडल भवन बनाने की मांग एक बार फिर जोरशोर से उठाई। विधायक ने शुक्रवार को जारी प्रेस बयान में कहा कि कालांवाली में एसडीएम पिछले दस सालों से गुरू प्रेमसुख आदिनाथ भक्तिसंघ ट्रस्ट में बैठते हैं जो शहर से काफी दूर पड़ता है। विधायक केहरवाला ने कहा कि उपमंडल भवन बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया का नोटिफिकेशन वर्ष 2014 में हुआ था मगर अभी तक ये मसला अधर में ही है जिससे आमजन को काफी दिक्कतों से दोचार होना पड़ रहा है।

## सिरसा-भादरा रोड बरसाती पानी से डूबा, वाहन चालक परेशान

**लगातार हो रही बारिश से हालत हुए बद से बदतर**



सिरसा। दड़बा कलां के पास बरसाती पानी में डूबी सडक़।

**चोपटा।** हिसार घग्घर ड्रेन में अभी भी जल स्तर कम नहीं हुआ है। इसके टूटने का अभी भी खतरा बना हुआ है। चौपटा क्षेत्र में बरसात से सिरसा भादरा मार्ग दड़बा कलां के समीप डूब गया। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रोड पर वाहन चालकों को दड़बा कलां से रूपाना, लुदेसर होकर चौपटा व दड़बा कलां से माखोसरानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

चौपटा क्षेत्र में मानसून की बार बार वर्षा हो रही है। अधिक वर्षा होने से जहां फसलें खराब हो गई है। इसी के साथ वर्षा ने सिचाई विभाग के अधिकारियों की चिता बढ़ा दी है। वर्षा के कारण हिसार घग्घर ड्रेन के बांधों को मजबूत करने में दिक्कतें आ रही है। इससे हमेशा टूटने का खतरा बन रहा है। वहीं गुडियाखेड़ा के पास भी पिछले दिनों टूटी चुकी है। इससे फसलों को काफी नुकसान हुआ है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने ड्रेन पर पहले कोई ध्यान नहीं दिया। वहीं समय पर सफाई भी नहीं करवाई गई। अब पानी के लगातार जलस्तर से किसान चिंता में हैं। अब सिचाई विभाग के अधिकारियों ने ड्रेन की निगरानी बढ़ाई हुई है।

# दो दुकानों पर सीम फ्लाइंग की रेड एक्सपायर कीटनाशक मिला

- लाइसेंस तक नहीं था :दुकानदार को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। केमिकल और फर्टिलाइजर एग्रो इंडस्ट्रीज शॉप छापेमारी करती सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद में सीएम फ्लाइंग टीम ने दो दुकानों में रेड की। सीएम फ्लाइंग की टीम पहले गांव फूलां में पहुंची। इसके बाद फतेहाबाद शहर के खैरातीखेड़ा रोड स्थित केमिकल और फर्टिलाइजर एग्रो इंडस्ट्रीज शॉप पर पहुंची। यहां उन्हें फर्टिलाइजर और केमिकल में मिलावट की शिकायत मिली थी। मगर टीम को सब कुछ ठीक मिला रेड का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग टीम हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। कार्रवाई में कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे।फूलां में स्टॉक रजिस्टर मेंटेन नहीं मिलागांव फूलां में जांच के दौरान टीम को दुकानदार के पास स्टॉक रजिस्टर मेंटेन नहीं मिला। बेचे गए सामान के बिल भी सही नहीं मिले। दुकानदार के पास 13.5 किलोग्राम कीटनाशक एक्सपायरी डेट का मिला। जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट करवाया। तीन तरह के पेस्टीसाइड के सैंपल भी भरवाए गए।दुकानदार के पास नहीं मिला लाइसेंसन ही दुकानदार के पास कोई लाइसेंस मिला। न ही दुकान पर कोई बोर्ड लगा रखा था। टीम इंचार्ज सुनैना ने बताया कि इसको लेकर दुकानदार संदीप कुमार को नोटिस जारी किया गया है। आगे कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जताया रोष

**8वें पे कमिशन को लागू करवाने व अन्य मुद्दों को लेकर बैठक**



सिरसा। बैठक में सरकार के खिलाफ रोष जाहिर करते कर्मचारी।

**सिरसा।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन ने 8वें पे कमिशन को लागू करवाने व अन्य मुद्दों को लेकर गेट मीटिंग की गई। इस मौके पर राज्य उप प्रधान बाबू लाल और मुख्य सलाहकार एस एस बेदी ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा सात महीने पहले आठवें वेतनमान आयोग की घोषणा की गई है, लेकिन सात महीने बीत जाने के बाद भी वेतन आयोग की कमेटी का गठन नही किया गया जबकि जनवरी 2026 को 8वां वेतन लागू हो जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने बताया कि ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन ओर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा मांग करता है कि हरियाणा के कर्मचारियों के लिए अलग से आठवां वेतन आयोग गठित किया जाना चाहिए और जब तक तय समय पर लागू नहीं करते, तब तक सभी कर्मचारियों को पांच हजार अंतरिम राहत हर कर्मचारी को मिले। सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, पावर बिल 2024 रद्द करवाने, विभागों का निजीकरण बंद करवाने, रोड से टी बिल रद्द। नई शिक्षा नीति-2020 को रद्द करवाने व लेबर कोड को अन्य मांगों को लेकर गेट मीटिंग की गई।

## महिला कॉलेज में मेजर ध्यानचंद जयंती पर खेलों का आयोजन



सिरसा। मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

- हॉकी के जादूगर को याद कर किया नमन

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में मेजर ध्यानचंद जयंती पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला द्वारा प्रातः 9:15 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। प्राचार्य डॉ. सज्जन सेलवाल ने छात्राओं को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने तथा खेलों में अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कन्वीनर डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने व्यक्तित्व को निखारे। डॉ. मोहिना और कार्यक्रम संयोजक निर्मला द्वारा छात्राओं को फिट इंडिया प्रतिज्ञा दिलवाई गई।

**बैठक**

## उपायुक्त मनदीप कौर ने अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की

# नहर-ड्रेन पटरियों पर भारी वाहन चलाना सख्त मना, अवैध अतिक्रमण हटाने के दिए आदेश

बारिश तथा संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। अधिकारी बोर्ड की मासिक बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करती उपायुक्त मनदीप कौर।

उपायुक्त मनदीप कौर ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और आगामी दिनों में बारिश तथा संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में उपायुक्त ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि नहरों और ड्रेनों की पटरियों पर किसी भी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में पटरियां नम हो जाती हैं और भारी वाहनों की आवाजाही से इनके टूटने का खतरा रहता है। यदि पटरियां टूटीं तो पानी फैलने से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उपायुक्त ने विभाग को रंगोई, घग्गर नदी तथा प्रमुख ड्रेनों की निरंतर निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्यवाही करने के लिए पर्याप्त संसाधन एवं उपकरण तैयार रखने के आदेश दिए।

### उपायुक्त ने बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बिजली के कार्यों की समीक्षा की

उपायुक्त ने स्थानीय निकाय और जिला पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी। उपायुक्त ने बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक़, बिजली तथा जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और कहा कि सभी विभाग समयबद्ध ढंग से योजनाओं को पूरा करें ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएं तथा दवाइयों और चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, सुरेश कुमार, डीएमसी संजय बिश्नोई, जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, कार्यकारी अभियंता संजीव सहारन, एनके भोला, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, डीएचओ डॉ. श्रवण कुमार, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद टूली, प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र ज्यानी, नप ईओ राजेंद्र सोनी, एसडीओ सतपाल रोहज, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।


मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।

# बिजनेस को मैनेज करने के लिए सीखें अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर बिजनेस को सभी ट्रांजेक्शन सही तरीके से मेनटेन करने के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है और आज के समय में बहुत सारे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर है। जो हर बिजनेस को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं और प्रोफिट और लॉस की रिपोर्ट तथा बिजनेस की बैलेंस सीट बनाने में भी मदद करते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से ही किसी भी दुकान या कंपनी के बिजनेस को सही तरीके से मैनेज किया जा सकता है। फिल्म के अकाउंट को मैनेज करने के लिए आपको एक सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी देंगे।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अकाउंट जिसे हिंदी में लेखा-जोखा कहा जाता है और अकाउंटिंग को लेखांकन के नाम से हिंदी में पुकारा जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर ऐसे सॉफ्टवेयर जो अकाउंट के हिसाब को मेनटेन रखते हैं। जैसे प्रोफिट , लॉस, सेल, परचेज , एक्सपेंसिज, इंकम सबको मेनटेन करने का काम करते हैं उसे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर कहते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग इनवोयस जनरेट के लिए भी किया जाता है। इसके अलावा किसी भी बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं तो उस अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से तैयार किए गए डाटा की हर महीना या हर तिमाही जीएसटी फिलिंग के दौरान जरूरत पड़ती है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से ही आपकी सेल कितनी हुई है और आपको कितना प्रोफिट हुआ है। इस बात का अंदाजा लगाया जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग आज के समय में किया जा रहा है। छोटे बिजनेस वाले भी इस प्रकार के सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके अपने बिजनेस के अकाउंट को पूरी तरह से मैनेज कर रहे हैं और अच्छे से सुरक्षित कर रहे हैं।

## क्यों है जरूरी

किसी भी कंपनी या किसी भी दुकान से संबंधित सभी फाइनेंसियल गतिविधियों को एक ही जगह पर मैनेज करके रखना और हर समय जरूरत पड़ने पर इस प्रकार की गतिविधि को ट्रेस करना या देखना यह सभी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की वजह से ही संभव है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग बिजनेस में इसलिए किया जा रहा है। क्योंकि जिन लोगों का बड़ा काम है या कहने का मतलब है, जिन लोगों का सालाना टर्नओवर अधिक है। उन लोगों को हाथ से सब कुछ मेनटेन करने में बहुत ज्यादा समस्या होती है और हाथ से अकाउंटिंग मेनटेन करना काफी जटिल हो जाता है। अतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है और यह सॉफ्टवेयर जटिलता को कम करते हैं और कम समय में बहुत सारी सुविधाएं प्रदान कराते हैं।

## सबसे अच्छे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अपने बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग हर कोई व्यक्ति करता है। लेकिन जो लोग अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं या अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के बारे में सोच रहे हैं। उन लोगों के मन में एक बात अवश्य होती है कि कौन सा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर मेरी फर्म के लिए अच्छा रहेगा। तो हम आपको बेहतरीन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के फायदे

- किसी भी दुकान या कंपनी के अकाउंट कार्य को इस सॉफ्टवेयर की मदद से बहुत आसान बनाया जा सकता है।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आपको सिर्फ एक एंट्री लेनी होती है। उसके पश्चात सारा कैलकुलेशन सॉफ्टवेयर के आधार पर ऑटोमेटिक किया जाता है।
- हर पार्टी का प्रति वर्ष का स्पेशल डाटा पूरा सॉफ्टवेयर की मदद से मिल जाता है। प्रत्येक पार्टी के साथ जितना लेनदेन हुआ है और कौन सी तारीख को हुआ है उसकी सारी जानकारी सॉफ्टवेयर में आपको आसानी से मिल जाती है।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आप अपने डेटा को सुरक्षित भी कर सकते हैं। सुरक्षित करने के लिए आपको बैकअप का ऑप्शन मिलता है। इसके अलावा अधिकतर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में ऑटोमैटिक बैकअप सुविधा मिलती है।

## सबसे अच्छा सॉफ्टवेयर टेली प्राइम

आज के समय में बिजनेस में सबसे अधिक उपयोग होने वाला सॉफ्टवेयर टेली प्राइम है। हालांकि टेली प्राइम का पुराना नाम टेली था। जिसे टेली ईआरपी 9 में बदला गया। टेली नाम सबसे पहले बिना जीएसटी काम के लिए होता था। उसके पश्चात टेली सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करके टेली ईआरपी 9 विद जीएसटी के साथ लांच किया और उसके बाद इसका नया वर्जन जो साल 2021 में टेली प्राइम के नाम से आया है। 90% बिजनेसमैन इसी सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं। क्योंकि यह सॉफ्टवेयर उपयोग करने में काफी आसान है और इस सॉफ्टवेयर की मदद से हर प्रकार का डाटा अच्छे तरीके से स्टोर करके रख सकते हैं।

## यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।




### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार






## आरटीओ ऑफिसर को करने पड़ते हैं ये काम

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।



## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## क्या है जरूरी योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।

## लिखित परीक्षा की जानकारी

- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

# यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा और हम युवा इस देश का भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आजादी का दिन हर भारतीय के दिल में एक खास जगह रखता है। अगस्त वह महीना है जब हमारा प्यारा भारत 1947 में आजाद हुआ, जब अनगिनत वीरों ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें स्वतंत्रता का अनमोल तोहफा दिया। यह दिन केवल झंडा फहराने या उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि उन बलिदानों को याद करने का है, जो हमें आजादी की सांस लेने का मौका दे गए। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं। यह हमें याद दिलाता है कि यह देश हमारा है, और इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। शिक्षा हमारी दिशा है, जो हमें सही रास्ता दिखाती है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं, जो इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## यह देश हमारा है, इसे संजोएं

हमारा भारत एक ऐसा देश है, जिसकी मिट्टी में बलिदान, संस्कृति और प्रेम की कहानियां बसी हैं। स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने खून-पसीने से इस देश को आजाद कराया ताकि हम खुली हवा में सांस ले सकें। यह देश हमारा घर है, हमारी पहचान है, और हमारा गर्व है। इस देश को सिर्फ एक भौगोलिक सीमा न समझें, यह आपके सपनों, उम्मीदों और जिम्मेदारियों का प्रतीक है। हर बार जब आप अपने देश का झंडा लहराते देखें, तो अपने दिल में यह संकल्प लें कि आप इस देश को और सुंदर, समृद्ध और मजबूत बनाएंगे। यह देश आपका है, इसे प्यार करें, इसे संजोएं और इसके लिए कुछ करें।

**शिक्षाः हमारी दिशा, हमारी ताकत :** शिक्षा वह दीया है, जो अंधेरे को दूर करता है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने न केवल आजादी के लिए लड़ा, बल्कि एक शिक्षित और जागरूक भारत का सपना भी देखा। डॉ. भीमराव अंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महानायकों ने शिक्षा को देश की प्रगति का आधार माना। शिक्षा आपके लिए केवल किताबें और डिग्रियां नहीं, बल्कि वह हथियार है, जो आपको और आपके देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। जब आप पढ़ते हैं, तो आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने देश के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ते हैं। हर किताब, हर पाठ, और हर सवाल आपको इस देश का जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा देता है। अपनी शिक्षा को गंभीरता से लें, क्योंकि यह आपकी और देश की दिशा तय करती है।

**युवाः देश का धड़कता दिल :** युवा किसी भी देश का सबसे बड़ा खजाना होते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे युवाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आजाद कराने का बीड़ा उठाया। आज का युवा, यानी आप, इस देश का धड़कता दिल हैं। आपकी ऊर्जा, आपके सपने, और आपका जुनून भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। आपके पास वह शक्ति है, जो दुनिया बदल सकती है। आपका हर कदम, हर फैसला, और हर मेहनत इस देश को प्रभावित करती है। स्वतंत्रता दिवस आपको यह याद दिलाता है कि आप केवल एक छात्र नहीं, बल्कि इस देश के भविष्य के निर्माता हैं। अपने सपनों को बड़ा रखें, अपने लक्ष्यों के लिए मेहनत करें, और कभी हार न मानें। आपका एक छोटा-सा प्रयास भी देश को गर्व का मौका दे सकता है।

## जीवन में चुनौतियां आएंगी

स्वतंत्रता की लड़ाई आसान नहीं थी। यह अनगिनत बलिदानों, दर्द और दृढ़ संकल्प की कहानी है। रानी लक्ष्मीबाई की तलवार, गांधीजी की अहिंसा, और सुभाष चंद्र बोस की हुंकार हर कहानी हमें साहस और हिम्मत की प्रेरणा देती है। जीवन में चुनौतियां आएंगी, असफलताएं आएंगी, लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों की तरह आपको कभी हार नहीं माननी। हर बार जब आप गिरें, और मजबूती से उठें। आपके भीतर वह साहस है, जो पहाड़ों को हिला सकता है। अपने डर को पीछे छोड़ें और अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें।

**एकता और भाईचारा :** स्वतंत्रता संग्राम में हर धर्म, जाति, और क्षेत्र के लोग एक साथ आए। यह एकता ही थी, जिसने हमें आजादी दिलाई। आज भी, हमारा देश अपनी विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। अपने दोस्तों, सहपाठियों और समाज के हर व्यक्ति का सम्मान करें। एक-दूसरे की मदद करें, एक-दूसरे को प्रेरित करें। जब आप एकजुट होंगे, तो कोई भी मुश्किल आपको रोक नहीं पाएगी। यह देश तभी मजबूत होगा, जब हम सब एक-दूसरे का साथ देंगे।

**जिम्मेदारी का एहसास :** स्वतंत्रता का मतलब सिर्फ आजादी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। हमारे वीरों ने हमें यह आजादी इसलिए दी ताकि हम अपने देश को दुनिया में सबसे ऊंचा स्थान दिलाएं। आप इस देश के भविष्य हैं। छोटी-छोटी चीजों से शुरुआत करें। अपने स्कूल को स्वच्छ रखें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** साबुन के पतले झाग में चमकदार रंगो का बनना किस परिघटना का परिणाम है
(ए) भूलीं परावर्तन और व्यतिकरण
(बी) बहुलित अपवर्तन और परिक्षेपण
(सी) अपवर्तन और परिक्षेपण
(डी) ध्रुवण और व्यक्तिकरण

**2.** वाहन पीछे से आने वाली वस्तुओं को देखने के लिए किसका प्रयोग करते हैं ?
(ए) उत्तल लेंस
(बी) अवतल लेंस
(सी) उत्तल दर्पण
(डी) अवतल दर्पण

**3.** निम्न में से क्या वायुमण्डलीय अपवर्तन का परिणाम नही है
(ए) सूर्य का अपने वास्तविक उदय से दो या तीन मिनट पहले दिखाई पड़ना
(बी) सूर्य का सूर्यास्त के समय लाल दिखाई देना
(सी) रात के समय तारों का टिमटिमाना
(डी) सूर्य का आकाश में अपनी वास्तविक ऊंचाई से ज्यादा ऊंचाई पर दिखाना

**4.** रोगियों के दांत देखने में दन्त चिकित्सकों द्वारा प्रयुक्त दर्पण होता है -
(ए) उत्तल
(बी) अवतल
(सी) समतल
(डी) इनमे से कोई नहीं

**5.** वाहनों के अग्रदीपों में किस प्रकार का दर्पण का इस्तेमाल होता है
(ए) समतल दर्पण
(बी) उतल दर्पण
(सी) अवतल दर्पण
(डी) परवलयिक दर्पण

**6.** दाढ़ी बनाने के लिए काम में लेते है
(ए) अवतल दर्पण
(बी) समतल दर्पण
(सी) उतल दर्पण
(डी) इनमे से कोई नही

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(बी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(ए)

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चैक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी धर्म खेड़ी निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ इंचार्ज आशा राम ने बताया कि आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### नगर निगम ने चार दुकानदारों के काटे चालान

**हिसार।** नगर निगम की स्वच्छता शाखा की टीम ने सुंदरनगर और मिलगेट क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो दुकानदारों द्वारा डस्टबिन का उपयोग न करने और दो दुकानदारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर प्रत्येक पर 300 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान चार दुकानदारों से 1200 रुपये के चालान काटे गए।

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया पर्यावरण दिवस

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ की ओर से पारिजात चौक के पास स्थित संघ कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास बिश्नोई ने की तथा संचालन जिला मंत्री विक्रम श्योराण ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना व विभाग प्रमुख सुनील ढिल्लो विशेष रूप से मौजूद रहे।

### आठवें वेतन आयोग की कमेटी गठित करने की मांग

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की सातरोड़ सब यूनिट ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कर्मचारी संघ और महासंघ के आह्वान पर आठवें वेतन आयोग की कमेटी गठित नहीं करने के विरोध में गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया।

### पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

**हिसार।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन द्वारा सब यूनिटों में गेट मीटिंगों का आयोजन कर सरकार के खिलाफ रोष जताया किया गया। सिटी सब यूनिट में गेट मीटिंग की अध्यक्षता उप प्रधान अमित मोर ने की व संचालन अंकित पुनिया ने किया। सिविल लाइन सब यूनिट में जोगेंद्र पुनिया ने अध्यक्षता की व संचालन जय कुमार ने किया तथा मॉडल टाउन सब यूनिट, टीएस सब यूनिट, स्टेट ऑफिस व एमएंडीपी की संयुक्त गेट मीटिंग की अध्यक्षता नवीन ने की और संचालन जगदीश बागड़ी ने किया।

### लोन दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

हिसार। साइबर थाना पुलिस ने कम ब्याज पर लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार के सारण जिले के डाबरपुर निवासी मंजीत कुमार उर्फ गोविंदा के रूप में हुई है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी गई शिकायत बताया कि आरोपियों ने बीमा पॉलिसी पर बिना ब्याज लोन दिलाने का लालच तथा लोन फाइल में पेंडेंसी व अन्य शुल्क बताकर उससे कुल 4 लाख 53 हजार 172 रुपये अलग से ठग लिए।

### सफाई के बाद सड़क पर कचरा डालने पर निगम

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को मेयर प्रवीण पोपली ने शुक्रवार की अलसुबह राजगुरु मार्केट का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस पर मेयर प्रवीण पोपली एवं निगमायुक्त नीरज ने सड़कों पर कूड़ा होने के कारण फैसला लिया गया कि यदि कोई सफाई के बाद सड़क पर कचरा डालते पाया जाता है।

---

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ-साथ अनेक संस्थाओं ने लिया हिस्सा

# नशे के खिलाफ सड़कों पर उतरे के लोग, निकाली रैली

**रैली में बड़ी बात यह रही कि भारी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया, सभी ने लोगों को नशे के नुकसान बताते हुए दूर रहने को कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद






फतेहाबाद। रैली में भाग लेने जाते एमएम बीएड कॉलेज के विद्यार्थी व शहर में नश के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते भवानी सिंह व विभिन्न संगठनों के सदस्य।

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के आह्वान पर शहर की सामाजिक संस्थाओं व शहर के लोगों ने आज एकजुटता दिखाते हुए शहर में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। इस रैली में बड़ी बात यह रही कि भारी संख्या में महिलाओं ने भी इस रैली में भाग लिया। वहीं शहर के युवाओं, आईसीएस सेंटर व मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थी भी इस रैली में पहुंचे। हाथों में नशे के विरूद्ध बैनर लेकर इस रैली में शामिल लोग नशे के खिलाफ नारे लगाते जा रहे थे। गौरतलब है कि यात्रा की पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। ट्रस्ट फतेहाबाद शहर और आसपास के गांवों में लगातार नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने में लगा है। जागरूकता रैली से पहले सभी सामाजिक संगठन व शहर के लोग अनाजमंडी के बाहर शैड के नीचे एकत्रित हुए। यहां से यात्रा शुरू की गई। यात्रा में शामिल लोग सिविल अस्पताल रोड होते हुए कबीर बस्ती, गुरुनानकपुरा मोहल्ला पहुंचे। यहां से रतिया चुंगी आए। जहां पर यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान लोगों को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई।

#### कार्रवाई की गई

भवानी सिंह ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों का उद्देश्य पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नशा मुक्त फतेहाबाद बनाना है। इसके लिए वार्डों और गांवों में युवाओं को साथ जोडकर टीमें बनाई जा रही हैं। टीम के सदस्य नशा तस्करी करने वालों और नशा करने वालों पर नजर रख रहे हैं। जो नशा पीड़ित हैं, उन्हें मुख्य धारा में वापस लाने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों को पूरे जिले से बाहर किया जाएगा। इसके लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने इस जागरूकता रैली में शामिल सभी सामाजिक संस्थाओं व शहर के नागरिकों व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी भारी मात्रा में लोग इस रैली में शामिल हुए हैं, इससे साफ है कि लोग किस कदर बढ़ते नशे से परेशान हैं। आज चिट्टा, अफीम, स्मैक, चूरापोस्त व नशीली दवाएं युवाओं को आम मिल जाती हैं। युवाओं को सीरिंज भी आसानी से उपलब्ध हो जाती है, जो काफी गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि नशे को अगर समाप्त करना है, तो हम सभी को एकजुट होना होगा, तभी यह लड़ाई पूरी होगी।

---

# क्रेसंट स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में खेलते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

■ खेल सिर्फ जीतने का जरिया नहीं बल्कि सभी को एकजुट करने का साधन भी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को समझाना था कि खेल सिर्फ जीतने का जरिया नहीं बल्कि सभी को एकजुट करने का साधन हैं। छात्रा कंगना के कुशल मंच संचालन में दीक्षा, हर्षिका बंसल एवं लविश ने अपने-अपने सुविचारों के माध्यम से यह संदेश दिया कि जीवन में खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और सफलता की नींव हैं। छात्र दिग्विजय ने आओ सभी आज मैं तुमको एक बात बतलाऊं हिंदी एवं पूर्वी ने वी लव स्पोर्ट्स डे अंग्रेजी कविताओं का सस्वर वाचन कर वातावरण को उत्साह एवं उमंग से भर दिया। अंशिका ने खेलों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी से विद्यार्थियों की जिज्ञासा एवं उत्साह को दोगुना कर दिया। अंश ने प्रमुख समाचार सुर्खियाँ प्रस्तुत कर सभी को ताज़ा घटनाओं से अवगत कराया। छात्र कुश ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर आधारित अपने प्रभावशाली भाषण से सबका मन मोह लिया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को स्वस्थ, अनुशासित और सफल बनाने का मार्ग है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करें, क्योंकि खेल हमारे शरीर को स्वस्थ एवं मन को प्रसन्न रखते हैं।

---

# वाहेगुरु के जयघोष से गुंजायमान हुआ गुरुद्वारा

■ श्री गुरुग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश दिवस और संपूर्णता दिवस को लेकर गुरुद्वारा सिंह सभा में हुआ विशेष समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्री गुरुग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश दिवस और संपूर्णता दिवस को लेकर जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में विशेष समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान शब्द कीर्तन के माध्यम से जहां गुरुओं की महिमा का वर्णन किया गया वहीं वाहिगुरु वाहिगुरु के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर गुरुद्वारे के हजूरी रागी जत्था भाई देवेंद्र सिंह ने हाजिरी लगवाई वहीं पटियाला से आए बीबी जसप्रीत कौर रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन के माध्यम से गुरुओं की महिमा का वर्णन किया। उनके द्वारा देंदा दे लेंदा थकहि, जुगा जुगन्तर खावहि खाए के माध्यम से बताया गया कि हमारे सतगुरु देते हुए नहीं थकते लेकिन लेने वाला थक जाता है। सतगुरु इतना देते हैं कि युगों युग तक खाने के लिए पर्याप्त होता है। इसके बाद उनके द्वारा प्रस्तुत शब्द वारन बलहारिने लख वारिए में बताया गया कि अपने सतगुरु के लाख लाख बार बलिहार जाऊं, मैं निरगुणहार कौ गुण नाहीं आपे तरस पियोई में बताया गया कि जिनमें कोई गुण नहीं होता लेकिन वो सतगुरु की शरण में आ जाता है तो सतगुरु उसे अपनी शरण में लेते हैं तथा उसको सदमार्ग दिखाते हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा के कार्यकारी प्रधान अजीत सिंह, महासचिव महेंद्र सिंह वधवा, महेंद्र सिंह ग्रोवर, हरमीत सिंह, अवतार सिंह, अजमेर सिंह, हरदयाल सिंह, कश्मीर सिंह, कुलबीर मोंगा, गुरमीत सिंह मोंगा, मोहनलाल नारंग, सौरभ टुटेजा, नरेश ग्रोवर सहित अनेक संगत उपस्थित थी।

#### गुरु महिमा का किया वर्णन


इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा के महासचिव महेंद्र सिंह वधवा ने बताया कि भादों मास में आज ही के दिन गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने तख्त श्री दमदमा साहिब जी के स्थान पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरुप को संपूर्णता बख्शीश की थी। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह साहिब ने जब गुरु ग्रंथ साहिब को संपूर्णता बख्शी तो उन्होंने ही यह संदेश देते हुए कहा था कि गुरु ग्रंथ जी मान्यो प्रगट गुरां की देह अर्थात आज के बाद ग्रंथ साहिब को ही गुरु मानना है तथा कोई मानवीय देह गुरु नहीं होगी। इस अवसर पर वधवा ने हरियाणा के प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा 1984 में प्रदेश में मारे गए सिख धर्म के लोगों के परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

---

# चौधरी मनीराम गोदारा कालेज में में मनाया गया खेल दिवस

■ खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोड़यि खेड़ा फतेहाबाद में आज दिनांक 29 अगस्त 2025 को मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस के उपलक्ष मे खेल दिवस बड़े हर्ष -उल्लास के साथ मनाया गया । इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राओ को खेलो के लिए शपथ दिलवाई गई । इस मौके पर कॉलेज प्रचार्या डॉक्टर लखबीर कौर ने महाविद्यालय में खेलो के बारे सम्बोधित किया तथा सभी स्टाफ सदस्यों और छात्राओं को खेल दिवस की बधाई तथा शुभकामनाएं दी और उन्होंने बताया कि सभी छात्राओ को ज्यादा से ज्यादा खेलो मे भाग लेना चाहिए ।

#### प्राचार्य ने छात्राओं खेलों में रूचि बढ़ाने की सलाह दी

प्राचार्य ने छात्राओं को से कहा की खेलो को जीवन का एक भाग बना लेना चाहिए और क्योंकि आज के समय मे खेल से ही शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बना जा सकता है और आजकल फैले हुए नशे से दूर रहना चाहिए और इसकी बजाय खेलो को अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए और इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

---

# स्क्रैप से भरी गाड़ी चोरी मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

थाना शहर टोहाना पुलिस ने स्क्रैप से भरी आईसर गाड़ी की चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरुण उर्फ चिड्डी निवासी गांव अजीमपुर, जिला कैथल के रूप में हुई है।

थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि यह मामला 22 अगस्त 2025 को शिकायतकर्ता जोनी पुत्र शिशपाल निवासी गांव कन्हड़ी, जिला फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह टोहाना रोड स्थित एक स्क्रैप दुकान पर चौकीदार है। 21 अगस्त की रात लगभग 12: 20 बजे, उसने देखा कि कुछ अज्ञात व्यक्ति दुकान के बाहर खड़ी स्क्रैप से भरी आईसर गाड़ी के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। जब उसने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो छह व्यक्तियों ने उसे पकडकर जबरन एक कार में बैठा लिया और समैण की ओर ले जाकर सच्चाखेड़ा-नरवाना रोड पर छोड़ दिया। इस दौरान आरोपी स्क्रैप से भरी गाड़ी चोरी कर मौके से फरार हो गए। वारदात के दौरान शिकायतकर्ता को बंधक बनाकर गंभीर अपराध को अंजाम दिया गया।



फतेहाबाद। स्क्रैप से भरी गाड़ी चुराने का आरोपी पुलिस गिरफ्त में। *फोटो: हरिभूमि*

### बाबा रामदेव का जम्मा जागरण 2 को

**फतेहाबाद।** श्री बाबा रामदेव सेवा समिति शक्ति नगर की ओर से बाबा रामदेव महाराज का 30वां विशाल जम्मा जागरण भादवा शुद्धि दसमी 2 सितबर मंगलवार को श्री अरोड़वंश धर्मशाला में भक्त पृथ्वी सिंह हिजरावां कला की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है।यह जानकारी देते हुए समिति के प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि जम्मा जागरण में बाबा रामदेव महाराज के इस बार के भादवा मेले में धूम मचाने वाले उभरते जम्मा गायक डीसी धालीवाल विशेष रूप से जम्मा जागरण में बाबा रामदेव महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे।

उन्होंने बताया कि डीसी धालीवाल द्वारा गाया गया भजन भादवा मेले में बाबा तान छतरी सुपर डुपर चल रहा है। जम्मा जागरण में प्रसिद्ध कथावाचक व जम्मा गायक भक्त जोगेन्द्र हिसार भी अपने भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

---

# पोस्टर मेकिंग में स्निग्धा पॉल रही प्रथम, किया सम्मानित

■ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यर्थियो ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। योगाभ्यास करते कॉलेज छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में प्राचार्य प्रोफेसर हरजिंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता मडिया के नेतृत्व में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़क़र भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय नशामुक्ति रहा।

प्राचार्य प्रोफेसर हरजिंद्र सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में मौजूद कलाओं के निखार एवं प्रदर्शन के लिए आयोजित की जाती हैं। ये प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी फाइनल की छात्रा स्निग्धा पॉल ने अर्जित किया।

राहुल एवं स्नेहा ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. साक्षी मेहता, डॉ. कर्मजीत एवं परमजीत ने निभाई। इस अवसर पर डॉ. पूनम सेठी, डॉ. शेर सिंह, डॉ. सविता किनरा, डॉ. लखबीर सिंह, डॉ. अमनदीप तथा डॉ. अशोक कुमार मौजूद रहे।

---

**बैठक** जिला व उपमंडल स्तर पर आगामी 13 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

# राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर सीजेएम गायत्री ने की अफसरों की बैठक

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी की जिम्मेदारी है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में आगामी 13 सितंबर को जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला एडीआर सेंटर के मीटिंग हॉल में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने विभिन्न बीमा कंपनियों के वकीलों व विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ मैनेजर, बैंकों के पैनल पर मौजूद वकीलों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर फतेहाबाद व उपमंडल स्तर पर रतिया व टोहाना में न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न प्रकार के केसो जैसे बैंक रिकवरी, दहेज उत्पीडऩ, घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, आपराधिक अल्प मामलों, 138 एनआई एक्ट, वैवाहिक, श्रम, भूमि अधिग्रहण, किराया, राजस्व, मनरेगा, बिजली व पानी बिल, वन अधिनियम, आपदा मुआवजा इत्यादि व न्यायालय में विचाराधीन अत्यधिक 50 पुराने केसों को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। बैठक में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विक्रांत, एडवोकेट विनोद कुमार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता उपेंद्र कुमार गेरा, प्रधान बार एसोसिएशन एडवोकेट दिनेश गेरा, कौशल मेहता, संदीप टांटिया, संदीप भाटिया, एडवोकेट दुष्यंत गेरा, एडवोकेट सुधीर कुमार, एडवोकेट राकेश कुमार गर्ग, एडवोकेट मनोज कुमार, एडवोकेट विष्णु डेलू, एडवोकेट योगेश मेहता आदि उपस्थित रहे।




फतेहाबाद। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक करती सीजेएम गायत्री।

#### अधिक से अधिक वाद निपटाएं

उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों में समझौता करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों का निपटारा करवाने में सहयोग करने के लिए कहा। इसके साथ ही लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, विभिन्न बैंकों से आए हुए वरिष्ठ बैंक मैनेजर्स को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्री लिटिगेशन के मामले रखने के निर्देश दिए।

### 10 ग्राम हेरोइन सहित एक किया गिरफ्तार

**रतिया।** सीआईए फतेहाबाद की टीम ने एक आरोपी को 10.01 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शमशेर सिंह उर्फ शेरु पुत्र शेरी सिंह निवासी ढाणी शेरगढ़, रतिया के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि एएसआई मनीष के नेतृत्व में अपराध रोकथाम पुलिस टीम गश्त व अपराध पड़ताल के दौरान क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अरौड़ा कॉलोनी, राधा कृष्ण मंदिर, रतिया के पास चिट्टा बेच रहा है। सूचना की पुष्टि करते हुए पुलिस टीम ने तुरंत छापेमारी की और आरोपी को मौके पर काबू कर लिया। नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 10.01 ग्राम चिट्टा हेरोइन बरामद हुई।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्गों को किया कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लाला हंसराज फुटेला लॉ कॉलेज के छात्रों ने सम्मान से जीवन अधिकार से रक्षा अभियान के तहत चत्तरगढ़पट्टी स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कॉलेज के छात्रों ने नाट्य रूपांतर के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

### बरसीन में ड्रग फ्री अभियान चलाया

**फतेहाबाद।** गांव बरसीन में प्रशासन के रात्रि प्रवास के दौरान मिली नशे की शिकायतों को लेकर एसआई सुंदर सिंह के नेतृत्व में नशामुक्ति टीम गांव बरसीन पहुंची। टीम ने एक ड्रग पीड़ित के घर जाकर मौके पर काउंसलिंग की और उसका उपचार शुरू करवाया, जबकि दूसरा पीड़ित अनुपस्थित मिला। इसके पश्चात टीम ने गांव लाली, अलालवास व रताखेड़ा (रतिया) का दौरा किया। यहां उपचाराधीन पीड़ितों से फीडबैक लिया गया तथा उन्हें आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध करवाई गईं।

### श्री अरोड़वंश सेवा सदन का निर्माण कार्य 31 से शुरू

**सिरसा।** श्री अरोड़वंश सेवा सदन सिरसा का निर्माण कार्य आगामी 31 अगस्त रविवार को श्री सुखमणि साहिब के पाठ के साथ ही आरंभ होगा। श्री अरोड़वंश सेवा सदन सिरसा के प्रधान कृष्ण गुंबर, सचिव अशोक मेहता व कोषाध्यक्ष सुमित बब्बर ने संयुक्त रूप से बताया कि श्री सुखमणि साहिब के पाठ के बाद सभी ट्रस्टियों व उनके परिजनों को दोपहर 12.15 बजे भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। उपरोक्त पदाधिकारियों ने बताया कि इस पावन कार्य संबंधी तमाम तैयारियां कर ली गई हैं और सभी ट्रस्टियों के साथ साथ शहर के सभी गणमान्यजनों को भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

---

### बैजलपुर बना खेल प्रतिभाओं का हब, राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद सुभाष बराला ने किया हॉकी एस्ट्रोटर्फ का उद्घाटन

# सांसद की घोषणा : राजकीय महाविद्यालय भूना में फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए बिछेगा सिंथेटिक टर्फ

सांसद ने सांसद खेल महोत्सव की पंजीकरण प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर गांव बैजलपुर ने खेल जगत में एक नया इतिहास रच दिया। शुक्रवार को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने एनपीसीआईएल द्वारा लगभग 7.50 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए अत्याधुनिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया ने की।जबकि मंच संचालन विकास जाखल ने किया।इस अवसर पर सांसद ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनकी उपलब्धियां देश के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेंगी।





**फतेहाबाद।** हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में फ्रेंडली मैच में दम-खम दिखाते खिलाड़ी व हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में फ्रेंडली मैच में खिलाडियों का खिलाडियों का परिचय करते हुए सांसद सुभाष बराला फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बैजलपुर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह के दौरान सांसद ने सांसद खेल महोत्सव की पंजीकरण प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव गांव-गांव की छुपी खेल प्रतिभाओं को एक मंच देगा, जहां खिलाड़ी अपनी काबिलियत दिखा सकेंगे। इसी उद्देश्य से सांसद बराला ने बैजलपुर को 10 लाख रुपये की ग्रांट देने की भी घोषणा की।सांसद ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण कराने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को खेलों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**50 युवाओं को मिली नौकरी :** उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और खेल नर्सरियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से ज्यादा से ज्यादा खिलाडियों का पंजीकरण सुनिश्चित करें। बराला ने बताया कि बैजलपुर के 50 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है, जो यह दर्शाता है कि गांव शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अग्रणी है।उन्होंने जानकारी दी कि सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत 21 सितंबर से होगी और इसका समापन 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किया जाएगा। इस महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, जेवलिन थ्रो, 100 व 400 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। साथ ही रस्साकसी, मटका दौड़ जैसी पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जाएगा।

#### एनपीसीआईएल जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकता

स्टेडियम को खेल विभाग द्वारा फिलहाल टेकओवर नहीं किया गया है। इसलिए जब तक विभाग टेकओवर नहीं करेगा तब तक इसकी देखरेख जिम्मेवारी एनपीसीआईएल गोरखपुर की रहेगी। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बताया कि इस पर पत्राचार हो चुका है और जल्द ही खेल विभाग इसे टेकओवर भी करेगा मगर तब तक एनपीसीआईएल अपनी जिम्मेवारी से पीछे नहीं हट सकेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया, एनपीसीआईएल के सीएसआर चेयरमैन संजीव सिंगला, एचके निगोतिया, हरकोफैड चेयरमैन वेद फुलां, जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़, सरपंच हेमंत बैजलपुरिया, गुलशन हंस, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीएसओ विष्णु दास, मनदीप योगी, जगदीश शर्मा, पूनम सिंगला, कर्ण प्रताप, चंद्र प्रकाश बोस्ती, अनिल सिहाग, दयानंद ओला, कंवल चौधरी, महेन्द्र सोढ़, सीताराम पूनिया, विनोद खिचड़, राम कुमार गोदारा, कृष्ण नहला, सुनील मलिक, गुलशन हंस, सुनील पीटीआई, जॉनी खट्टर, विकास कुमार, हरदीप सिंह समेत कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

#### प्रदेश खेलों का केंद्र बना



सांसद बराला ने कहा कि बैजलपुर का यह एस्ट्रोटर्फ मैदान न केवल फतेहाबाद, बल्कि पूरे हरियाणा को खेल हब बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। ग्रामीण क्षेत्र से निकलने वाली प्रतिभाएं अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सपना साकार कर सकेंगी। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं और पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सांसद का भव्य स्वागत किया। उद्घाटन के बाद सांसद ने हॉकी मैच का आनंद लिया।

---

# सीडीएलयू में छात्रों को किया मोटिवेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को भौतिकी विभाग द्वारा एक एक्सटेंशन लेक्चर करवाया गया, जिसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन भौतिकी विभाग प्रो. राम मेहर दीक्षित ने की। प्रो. एसके चक्रवर्ती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रो. चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों को मोटिवेशन ऑफ द स्टूडेंटस टुवर्ड्स फिजिक्स विषय पर अपना एक्सटेंशन लेक्चरर दिया। उन्होंने विज्ञान विषय में रुचि पैदा करने के टिप्स बताएं व उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रो. सुशील कुमार, प्रो. धर्मवीर सिंह अहलावत, प्रो. रचना, डॉ. सुखविंद्र दुहन, डॉ. रजनी, डॉ. प्रियंका, डॉ. अमरीक सिंह व पीएचडी स्कॉलर मौजूद थे।सीडीएलयू प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. सुरेंद्र सिंह कुंडू तथा डॉ. राकेश कुमार ने बतौर पैनेलिस्ट शिरकत की तथा नई शिक्षा नीति में प्रस्तावित शिक्षण-पद्धति सुधारों और भारतीय ज्ञान परंपरा के एकीकरण पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि एनईपी, सारथी द्वारा बीती 28 अगस्त को विश्वविद्यालय, में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-20 पर एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।



**सिरसा।** कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### सीडीएउलयू में नई शिक्षा नीति-20 पर हुआ पैनल डिस्कशन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-20 के संदर्भ में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एक पैनल डिस्कशन हुई। यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम की निदेशक डॉ. संजू बाला ने बताया कि नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान प्रणाली को समाहित करने से शिक्षा अधिक समग्र, मूल्य-आधारित और व्यवहारिक बनेगी। सीडीएलयू के कुलसचिव प्रो. अशोक शर्मा ने कहा की शैक्षणिक संस्थानों एवं प्राध्यपकों को इस प्रणाली के इम्प्लीमेंटेशन में अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

---

# कामयाबी : फतेहाबाद पुलिस को 96% शिकायतकर्ताओं ने दी 5 स्टार रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा जनता से संवाद और जवाबदेही को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई क्यूआर कोड आधारित फीडबैक प्रणाली को आमजन से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है।

### 417 से दिया फीडबैक

अब तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, 417 शिकायतकर्ताओं ने क्यूआर कोड स्कैन कर पुलिस सेवा का फीडबैक दिया है, जिनमें से 96 फीसदी यानि 397 शिकायतकर्ताओं ने 5 स्टार रेटिंग देकर पुलिस व्यवस्था में अपने भरोसे को दर्शाया है।



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि जिले के सभी थानों, विशेषकर संतरी पोस्टों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले किए गए हैं। इन्हें स्कैन कर कोई भी नागरिक अपने अनुभव के अनुसार रेटिंग और सुझाव साझा कर सकता है। यह फीडबैक थाना प्रभारी, उप-पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक तक सीधे पहुंचता है, जिससे समीक्षा के बाद त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकती है। जिले में अब तक 417 शिकायतकर्ताओं ने फीडबैक दी, जिनमें से 397 शिकायतकर्ताओं ने 5 स्टार रेटिंग की है। 8 शिकायतकर्ताओं ने 4 स्टार, 2 शिकायतकर्ताओं ने 3 स्टार, 10 शिकायतकर्ताओं ने 1 स्टार रेटिंग भी दी। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिक्रियाओं पर गंभीरता से विचार कर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह फीडबैक प्रणाली न केवल आमजन को अपनी बात रखने का अवसर देती है, बल्कि पुलिस को यह जानने में भी मदद करती है कि सेवा के किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। इससे पारदर्शी, जनोन्मुखी और उत्तरदायी पुलिसिंग को एक नई दिशा मिल रही है।

---

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

- हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, उत्साह और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत महान हॉकी खिलाड़ी और भारत के हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई। शारीरिक शिक्षा विभाग सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर खेल दिवस की महत्ता को याद किया। इसके उपरांत विद्यालय प्रांगण में छोटे बच्चों के लिए एथलेटिक्स व बड़े विद्यार्थियों के लिए कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन तथा रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

बच्चों ने इन खेलों में पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लेकर न केवल अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम वर्क और संघर्ष की भावना का भी परिचय दिया।

शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख करण यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। ये न केवल शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी रखते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं।



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में खेलते छात्र फोटो : हरिभूमि

---

# महिलाओं के सशक्तिकरण का आधार बनेगी लाडो लक्ष्मी योजनाः यतींद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी की प्रदेशभर में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना लागू करने की ऐतिहासिक घोषणा पर जिला भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट यतीन्द्र सिंह ने हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कदम महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

यतींद्र सिंह ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की महिलाओं को हर माह 2100 की आर्थिक सहायता सीधे उनके खाते में प्रदान की जाएगी। यह राशि महिलाओं को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि परिवार और समाज में उनके मान सम्मान को भी बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि महिला जब आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो पूरे परिवार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। जिलाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की दूरदृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को साकार करती है। अंत्योदय का अर्थ है समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना और महिलाओं को आर्थिक आधार देकर उन्हें मुख्यधारा से जोडऩा ही अंत्योदय की सच्ची परिभाषा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय प्रदेश के हर परिवार में खुशहाली और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी नई दिशा मिलेगी।

---

### सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित वाहन पॉलिसी की बैठक संपन्न

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में सडक़ सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित वाहन पॉलिसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला की यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए।उपायुक्त ने सभी एसडीएम को आदेश दिए कि वे स्कूल वैन और बसों की नियमित जांच करें। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों से भी समन्वय कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सुरक्षित वाहन पॉलिसी का पूर्ण पालन हो। उपायुक्त ने सभी विभागों को यातायात व्यवस्था और सडक़ सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

---

# संस्कृत गीत प्रतियोगिता 31 को आर्यन स्कूल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- भारत विकास परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार ने दी जानकारी

भारत विकास परिषद फतेहाबाद शाखा की ओर से राष्ट्रीय समूहगान एवं संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त को किया जाएगा। नेशनल हाइवे स्थित आर्यन पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि जीडी गोयंका स्कूल रतिया के एमडी बीएल बतरा होंगे जबकि प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अग्रवाल सभा के सरंक्षक देवीदयाल तायल समारोह में अपना सानिध्य देंगे। भारत विकास परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बजाज फूड्स लिमिटेड के एमडी अर्जुनदास बजाज एवं आर्यन गुरप आफ स्कूल्स के एमडी अनिल गोयल होंगे। सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के हिसार जिला समन्वयक ऋषिराज बुडाकिया करेंगे जबकि कार्यक्रम पर्यवेक्षक की भूमिका फतेहाबाद जिला सह-समन्वयक साहिल चिलाना निभाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भाविप के राष्ट्रीय सह-संयोजक संस्कार, प्रांतीय सरंक्षक सीपी आहुजा एवं जिला समन्वयक विजय जग्गा भी मौजूद रहेंगे। सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की एक दर्जन से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी।

---

# सीएमके कॉलेज में उत्साह से मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक शांति का संदेश दिया

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर की अध्यक्षता व स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट सुश्री संगीता नंदा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरुआत विशेष सभा से हुई, जिसमें योग क्लब नोडल अधिकारी डॉ. दीपिका शर्मा व यूनिट इंचार्ज सुश्री शालू मेहता की अगुवाई में विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से योगासन कराए गए। विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार व विभिन्न आसनों का प्रदर्शन कर स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक शांति का संदेश दिया। इसके बाद सभी ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की और लाइव प्रसारण के माध्यम से जुडक़र सामूहिक रूप से फिट इंडिया प्रतिज्ञा ली, जिसमें स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया।

प्राचार्या ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 एक पैन इंडिया मूवमेंट के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य खेलों को अपनाने के लिए देशभर में सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रेरित करना है। शारीरिक शिक्षा विभाग से कोच रॉबिन ने क्रिकेट, कबड्डी व अन्य परंपरागत टीम स्पोर्ट्स और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

---

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर शहीद भगत सिंह स्टेडियम में हुए खेल मुकाबले

# युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रखना समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी : कुमारी सैलजा

- कुमारी सैलजा ने कहा है कि युवा खिलाड़ी, 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद को अपना आदर्श मानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि युवा खिलाड़ी, 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद को अपना आदर्श मानें। मेजर ध्यानचंद ने उस वक्त देश का नाम रोशन किया, जब हमारे पास खेलों के मामले में संसाधनों का अभाव था, इसके बावजूद वे तीन बार ओलंपिक में चमकते रहे। उन्होंने कहा कि खेलों से व्यक्तित्व विकास भी होता है और खेल हमें अनुशासन के साथ जीने की कला सिखाता है। युवाओं को खेलों की ओर लेकर जाना होगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को खेलों से जोडऩे की हम सबकी जिम्मेदारी है। खेलों के माध्यम से ही बच्चों की गलत संगत से दूर रखा जा सकता है। राष्ट्[रीय खेल दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हॉकी के लिए सिरसा जिला पहचाना जाता है।

हॉकी में हमने कई खिलाड़ी देश का दिए हैं। सांसद ने कहा कि युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृति जिंदगी को अभिशाप बना रही है। इसलिए आने वाली पीढिय़ों को संभालते हुए खेल गतिविधियों से जोडऩा होगा। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में प्रतिभा है और उन्हें निखारने का दायित्व कोच पर होता है। यदि एक भी बच्चा ओलंपियन या अंतर्राष्ट्[रीय स्तर पर चमकता है तो यह कोच की भी उपलब्धि है जो खेल के प्रति समर्पित है। उन्होंने युवाओं से आह्वाान किया कि वे व्यक्तित्व विकास के लिए खेलों को जरूर अपनाएं और खेल को बिना किसी भेदभाव के खेला जाना चाहिए।



**सिरसा।** खेल दिवस पर शहीद भगत सिंह स्टेडियम में खिलाड़ी सांसद कुमारी सैलजा के साथ। फोटो : हरिभूमि

#### हॉकी खिलाड़ियों का लिया परिचय

उन्होंने कहा कि आज के दिन युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वे नशे से दूर रहेंगे और शारीरिक फिटनेस पर ध्यान देंगे। इस मौके पर उन्होंने हॉकी मुकाबले की शुरूआत करवाते हुए खिलाडिय़ों से परिचय लिया और कोच से भी खेलों को लेकर बातचीत की। इस मौके पर सांसद ने खिलाडिय़ों को शपथ भी दिलवाई। जिला खेल अधिकारी जगदीप ने खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्याअतिथि सांसद कुमारी सैलजा का स्वागत किया। इस दौरान खेल विभाग से अधिकारी, कोच व खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे।